नगर निगम के परिषद बैठक में छिड़ी सियासी गर्मी

नारी शक्ति वंदन बिल पर सहमति की अपील, लेकिन पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक से गरमाया माहौल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली, 23 अप्रैल। नगर पालिक निगम सिंगरौली की परिषद बैठक आज गुरूवार को परिषद अध्यक्ष देवेश पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल तथा ननि आयुक्त सविता प्रधान सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

प्रारंभिक तौर पर बैठक का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन बिल पर चर्चा करना था, लेकिन जल्द ही स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति और सफाईकर्मी भर्ती जैसे मुद्दों पर बहस तेज हो गई।

बैठक के दौरान भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच कई बार तीखी नोकझोंक देखने को मिली, जिससे सभागार का माहौल गरमा गया। भाजपा पार्षद भारतेंदु पांडेय ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए विकास कार्यों पर जोर दिया। इसके जवाब में कांग्रेस पार्षद अनिल बैश ने तीखा पलटवार करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कांग्रेस ने ही देश में सबसे पहले ठोस पहल की थी। उन्होंने उच्च संवैधानिक पदों पर महिलाओं की भागीदारी का श्रेय भी कांग्रेस को दिया।

इस मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक बहस जारी रही। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पेयजल संकट का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठा। पार्षदों ने शहर में पानी की नियमित और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता जताई। कई जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति गंभीर हो सकती है। इसके साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था और सफाईकर्मियों की भर्ती को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें पार्षदों ने कर्मचारियों की कमी दूर करने की मांग रखी।

आपसी मतभेद भुलाएं, विकास पर जोर दें

बैठक के दौरान विधायक रामनिवास शाह ने सभी जनप्रतिनिधियों से आपसी मतभेद भुलाकर विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय सीमित है और कार्य अधिक, इसलिए सभी को मिलकर ऐसे प्रयास करने चाहिए, जिससे जनता को वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने नारी शक्ति वंदन बिल को सर्वसम्मति से पारित करने की भी बात कही, ताकि महिलाओं की भागीदारी को और मजबूत किया जा सके। कुल मिलाकर बैठक में जहां एक ओर विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई, वहीं राजनीतिक टकरार भी खुलकर सामने आई। हालांकि अंत में जनप्रतिनिधियों ने शहर के विकास के लिए मिलकर काम करने का भरोसा जताया।

नारी शक्ति वंदन बिल पर विपक्ष का निंदा प्रस्ताव की तैयारी

नगर पालिक निगम सिंगरौली में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत 33 प्रतिशत आरक्षण लागू न किए जाने को लेकर विपक्षी पार्षदों ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वार्ड क्रमांक 38 तुलसी वार्ड के पार्षद एवं अपीलीय समिति सदस्य अनिल कुमार वैश्य एडवोकेट ने पीठासीन अधिकारी को पत्र सौंपकर निंदा प्रस्ताव लाने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बीएसपी और निर्दलीय पार्षदों सहित करीब 25-26 जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर एकजुट हैं। उनका कहना है कि संसद में पारित होने के बावजूद महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ अब तक लागू नहीं किया गया, जो नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य के विपरीत है। पार्षदों ने निगम परिषद की आगामी बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने और केंद्र सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कराने की रणनीति बनाई है।

42 डिग्री तापमान के चलते स्कूलों की समय सारणी में हुआ बदलाव

नर्सरी से कक्षा 5वीं तक 24 से 30 तक अवकाश घोषित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 अप्रैल। जिले में भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो, सीबीएसई, आईसीएसई, एमपीबीएसई में नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के छात्रों के लिए कल 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया गया है। वहीं कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षक निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित रहेंगे और नामांकन सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक कार्य करते रहेंगे। साथ ही पूर्व निर्धारित परीक्षाएं एवं अन्य जरूरी गतिविधियां यथावत समय सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी। यह आदेश कल 24 अप्रैल से प्रभावी होगा। भीषण गर्मी को देखते हुए अभिभावकों से भी बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की अपील की गई है।

एक नजर में

डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने संभाली मोरवा थाने की कमान

सिंगरौली। मोरवा थाना क्षेत्र की कमान एक बार फिर निरीक्षक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के हाथों में आ गई है। देर रात आदेश जारी होने के बाद आज गुरुवार की सुबह उन्होंने विधिवत रूप से मोरवा थाना प्रभारी का पदभार संभाला। यह उनकी मोरवा थाने में दूसरी पारी है। इससे पहले उन्होंने पिछले माह 27 तारीख को भी मोरवा थाना प्रभारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था, लेकिन तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कपूर त्रिपाठी को स्टे मिलने के बाद उन्हें वापस जियावन थाना लौटना पड़ा था। यह नियुक्ति उस समय हुई जब म.प्र. हाईकोर्ट ने पूर्व थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी की ट्रांसफर को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद प्रशासनिक स्तर पर तत्काल प्रभाव से बदलाव लागू किया गया।

राज्य सेवा व राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 26 को

सिंगरौली। सिंगरौली जिले में तीन केंद्रों पर राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल को ओएमआर पद्धति से प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक दो सत्रों में निर्धारित केंद्रों पर आयोजित होगी। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के दौरान त्रिस्तरीय नवीन जांच प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत परीक्षार्थियों को निम्न प्रक्रियाओं का पालन करना होगा। जिसमें परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को अनिवार्यता 90 मिनट पूर्व पहुंचना होगा। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की त्रिस्तरीय जांच की जाएगी। साथ ही परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार के समीप अनुमति एवं वर्जित वस्तुओं की जानकारी चस्पा होगी जिसका पूर्णतः पालन करना होगा।

अदाणी का विश्व पृथ्वी दिवस पर स्कूलों में चला पर्यावरण जागरूकता अभियान

विद्यालय परिसरों में आधा सैकड़ा से अधिक किया गया पौधा रोपण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली, 23 अप्रैल। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन ने पर्यावरण विभाग के सहयोग से सरई तहसील अंतर्गत धिरौली एवं सुलियरी परियोजना के आसपास के गांवों में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना रहा। बासी बेरदाहा, धिरौली एवं डोंगरी गांवों के शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने रचनात्मक माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग और वृक्षारोपण के महत्व को दर्शाया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। वर्ष 2026 की विश्व पृथ्वी दिवस थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह के अनुरूप आयोजित प्रतियोगिताओं में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। ड्राइंग प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं के देवचन्द्र सिंह ने प्रथम, कक्षा छठी के पारस सिंह ने द्वितीय तथा कक्षा सातवीं की ममता सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में धिरौली की कक्षा सातवीं की शिवानी नाई और डोंगरी के कक्षा छठी के अनूप कुमार साह को प्रथम स्थान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत धिरौली व डोंगरी के विद्यालय परिसरों में तथा बेलवार गांव में 50 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।

कथावाचकों ने भक्ति, नाम स्मरण और धर्म के महत्व का दिया संदेश

फुलकेश में श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मना, गूंजे नंद के आनंद भयो के जयकारे

नवभारत न्यूज

चितरंगी, 23 अप्रैल। चितरंगी ब्लॉक के ग्राम फुलकेश में भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरु शीतलाधर द्विवेदी के निज निवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा इन दिनों पूरे क्षेत्र में आस्था का केंद्र बनी हुई है।

कथा के तीसरे दिन जजमान गुरु सुखेंद्र धर द्विवेदी अपनी धर्मपत्नी माया द्विवेदी के साथ उपस्थित होकर विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए कथा श्रवण किया। कथा के चौथे दिन कथा व्यास परम पूज्य अरुण कृष्ण शास्त्री जी महाराज एवं आचार्य लड्डू कृष्ण शास्त्री ने चतुर्थ दिवस के अंतर्गत विभिन्न दिव्य प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। इस दौरान समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए देवताओं और असुरों के संघर्ष, अमृत प्राप्ति और भगवान की लीला का भावपूर्ण चित्रण किया गया। इसके साथ ही प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए बताया गया कि सच्ची भक्ति में अपार शक्ति होती है और भगवान अपने भक्तों की हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं। वहीं अजामिल उद्धार प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जीवन के अंतिम समय में भी यदि सच्चे मन से भगवान का नाम लिया जाए, तो मोक्ष संभव है। कार्यक्रम के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, प्रेम शंकर मिश्रा, अशोक मिश्रा, कामता तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष धर द्विवेदी, दिग्विजय द्विवेदी, दीपक द्विवेदी पप्पू पाठक, पप्पू सोनी मौजूद रहे।

मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

सरई, 23 अप्रैल। विंध्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में आज गुरुवार को हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा जब कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स को मंच पर बुलाया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ये परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल हैं। उन्होंने सभी से आगे भी इसी लगन से पढ़ाई कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। जिसमें कक्षा 10वीं में अघनाश चतुर्वेदी पिता सुनील चतुर्वेदी ने 96.4 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया एवं कक्षा 12वीं में मनीष जायसवाल पिता रामदास जायसवाल ने 91.2 अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया।

तीन दिन से धधक रहा पिपरवान-तेंदुहा का जंगल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली,23 अप्रैल। जिले के वन परिक्षेत्र कर्थुआ अंतर्गत वीट शेरवा के जंगल पिपरवान उत्तरी मार्ग तेंदुहा क्षेत्र में बीते तीन दिनों से भीषण आग लगी हुई है। आग की चपेट में आकर कीमती सागौन के पेड़ लगातार जल रहे हैं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार आग तेजी से फैलती जा रही है, लेकिन अब तक वन विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि धुआं और लपटें दूर से ही देखी जा सकती हैं, बावजूद इसके वन अमला मौके पर सक्रिय नजर नहीं आ रहा है। इससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो और अधिक क्षेत्र प्रभावित हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल आग बुझाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बढ़ती गर्मी के बीच ठंडे पानी का संकट, लाखों का वाटर कूलर प्लांट बना शोपीस

नगर निगम की कार्यप्रणाली पर राष्ट्रीय महासचिव अमित तिवारी ने जताई नाराजगी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 अप्रैल। जिले के मोरवा क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच ठंडे पेयजल का संकट गहराता जा रहा है। आम जनता को राहत देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा वर्षों पहले पुरानी सब्जी मंडी में स्थापित किया गया वाटर कूलर प्लांट आज पूरी तरह से निष्क्रिय पड़ा है।

इस मामले को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अमित तिवारी ने भी चिंता जताते हुए नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार लाखों रुपये की लागत से लगाए गए इस प्लांट ने शुरुआती कुछ महीनों तक ही काम किया, जिसके बाद यह खराब हो गया। हैरानी की बात यह है कि कई वर्ष बीत जाने के बावजूद नगर निगम इसे दुरुस्त कराने में विफल रहा है। वर्तमान स्थिति यह है कि प्लांट की मशीन लगभग 90 प्रतिशत तक खराब हो चुकी है। यह वाटर कूलर प्लांट लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा था, जहां मात्र 1 रुपये में एक लीटर ठंडा पानी उपलब्ध हो जाता था। इससे राहगीरों, मजदूरों और स्थानीय नागरिकों को गर्मी में बड़ी राहत मिलती थी। लेकिन अब इसके बंद पड़े रहने से लोगों को पीने के ठंडे पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का सवाल है कि इतना महंगा और सार्वजनिक सुविधा से जुड़ा प्रोजेक्ट कुछ ही महीनों में कैसे खराब हो गया।

भारी वाहनों पर प्रतिबंध, वैकल्पिक मार्ग से होगा संचालन

26 से सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा ट्रैफिक डायवर्सन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 अप्रैल। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उपखंड मजिस्ट्रेट द्वारा अहम आदेश जारी किया गया है।

जारी निर्देश के अनुसार बैढ़न-गोरबी मार्ग पर संचालित हो रहे एफजीडी लाइन निर्माण कार्य के चलते भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश 26 अप्रैल से लागू होगा, जिसके तहत प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। प्रशासन ने बताया कि उक्त मार्ग पर निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जाएगा। प्रस्तावित वैकल्पिक मार्ग के तहत ग्राम तेलगवां की ओर जाने वाले रास्ते से गुजरने की व्यवस्था की गई है, जहां से वाहन सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ग्राम पंचायत स्तर पर आने-जाने वाले रास्तों में पड़ने वाले अवरोधों को हटाने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की होगी। निर्माण कार्य कर रही संस्था को यह सुनिश्चित करना होगा कि मार्ग पर पर्याप्त संकेतक बोर्ड, दिशा-निर्देश एवं सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध रहे। साथ ही स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग की जानकारी देने के लिए अन्य माध्यमों से अवगत कराया जाएगा। ताकि वाहन चालक इस व्यवस्था को समझ सके। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे, जो वाहनों को मार्ग परिवर्तन के लिए निर्देशित करेंगे।

संघ के शताब्दी वर्ष पर मातृशक्ति व अधिवक्ता गोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 अप्रैल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों के तहत बीते दिवस मातृशक्ति श्रेणी एवं अधिवक्ता श्रेणी की प्रमुख जन गोष्ठियां आयोजित की गईं। दोनों कार्यक्रमों में क्षेत्र प्रचार प्रमुख कैलाश चंद्र ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म की परंपराएं और रीति-रिवाज वैज्ञानिक आधार पर स्थापित हैं। उन्होंने स्वदेशी जीवनशैली को अपनाने पर जोर देते हुए वेशभूषा, भोजन, भजन और भ्रमण में भारतीयता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

21 घंटे से एनएच-39 जाम, बीच सड़क पर दो हैवी वाहन पलटे

जियावन थाना क्षेत्र के खाखन नदी पर हुआ हादसा, सड़क अवरुद्ध, प्रशासन की नाकामी, लोगों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 अप्रैल। जिले के देवसर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे के बाद हालात बेकाबू हो गए हैं। बीती रात लगभग 9 बजे से लगे जाम ने आज गुरुवार की शाम तकरीबन साढ़े 6 बजे तक जाम नही खुल पाया था। ऐसे में 21 घंटे से ऊपर यातायात पूरी तरह ठप बना रहा।

सड़क के दोनों ओर कई किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लग गई है और हजारों लोग बीच रास्ते में फंसे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात करीब 9 बजे खाखन नदी के पास चढ़ाई पर एक भारी ट्रक अचानक चढ़ नहीं सका और अनियंत्रित होकर पीछे की ओर लुढ़कने लगा। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी गाड़ी से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क पर पलट गए और मार्ग पूरी तरह जाम हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि दोनों वाहनों के चालक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद से मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। सुबह होते-होते जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। भारी वाहनों के साथ-साथ बसें, निजी वाहन और दोपहिया चालक भी घंटों से फंसे रहे। भीषण गर्मी के बीच लोगों को पीने के पानी, चाय और खाने जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझना पड़ा।

कई यात्रियों ने बताया कि उन्हें घंटों तक वाहन में ही बैठे रहना पड़ा, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की हालत खराब हो गई।

यात्रियों में प्रशासन के खिलाफ देखी गई नाराजगी

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद प्रशासन की ओर से राहत कार्यों में तेजी नहीं दिखाई गई। जाम हटाने और यातायात बहाल करने के प्रयास धीमे नजर आए, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती गई। आज गुरुवार की दोपहर तक स्थिति जस की तस बनी रही और वाहन चालकों में आक्रोश खुलकर सामने आने लगा। मौके पर जियावन थाना पुलिस के दो आरक्षक तैनात रहे, जो यातायात व्यवस्था संभालने की कोशिश करते रहे। वहीं इस पूरे घटनाक्रम ने राष्ट्रीय राजमार्ग की सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन प्रबंधन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था और त्वरित कार्रवाई की जाती, तो लोगों को इतनी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। फिलहाल जाम खुलने का इंतजार कर रहे लोगों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।